बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)

निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(i) पतंग उड़ाना बच्चों का एक प्रिय खेल है। पतंग उड़ाने का मौसम आने से पूर्व ही बच्चे इसके लिए तैयारी करना शुरू कर देते हैं। वे अपनी पतंग उड़ाने के धागे को शीशे के पाउडर, गोंद, सरेस आदि से मंझाकर तैयार करते हैं, ताकि उनकी पतंग कटे नहीं। पतंग उड़ाने से दृष्टि तो तेज़ होती ही है, एक प्रकार का व्यायाम भी हो जाता है। फुरसत के समय पतंग उड़ाने से मौज़ भी हो जाती है। पतंग थोड़ी देर उड़ाकर उससे फ़ायदा प्राप्त किया जा सकता है परंतु दिन-भर पतंग उड़ाते रहने से लाभ की जगह हानि होने की संभावना अधिक रहती है।

(क) पतंग उड़ाने से पहले बच्चे क्या-क्या तैयारियाँ करते हैं?

(ख) पतंग उड़ाने के क्या लाभ हैं?

(ग) गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

(घ) पर्यायवाची शब्द लिखिए- व्यायाम, दृष्टि।

(ii) विश्व क्रिकेट में भारतीय टीम का प्रदर्शन बहुत खराब रहा। इस खराब प्रदर्शन के पीछे कई कारण हैं। एक तो हमारे खिलाड़ी अच्छा नहीं खेले। कोई एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि सारी टीम ही मैदान में असफल रही। दूसरी, टीम को लेकर जो योजनाएँ बनाई गई थीं वे नकारात्मक सिद्ध हुईं। तीसरे, हमारी तैयारी ठीक नहीं थी। वास्तव में, सारी तैयारियाँ सिर्फ़ मीडिया में हो रही थीं, मैदान पर नहीं। वास्तव में इस हार में खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों से ज़्यादा अधिकारी ज़िम्मेदार हैं। टीम के मैनेजरों, कोच और खिलाड़ियों में कोई सामंजस्य नहीं था। यदि हमें भारतीय क्रिकेट को सुधारना है तो हमें कई स्तर पर काम करना होगा। हमें अपनी पिचों पर ध्यान देना होगा। बोर्ड के चुनाव में होने वाली धाँधलियों को रोकना होगा। क्रिकेट बोर्ड को पारदर्शी बनाना होगा।

(क) विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन के दो कारण लिखिए।

(ख) भारतीय टीम के प्रदर्शन को सुधारने के लिए क्या करना चाहिए?

(ग) खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन के लिए अधिकारी किस प्रकार ज़िम्मेदार हैं?

(घ) वाक्य बनाइए- नकारात्मक, पारदर्शी।

(ङ) उपसर्ग अलग कीजिए- प्रदर्शन, असफल।